# CBSE Class6 Hindi

## Chapter 1 – मातृभूमि

### Question & Answer

प्रश्न 1.
हिमालय पर्वत भारत की किस दिशा में स्थित है?
उत्तर:
हिमालय पर्वत भारत की उत्तर दिशा में स्थित है।

प्रश्न 2.
भारत माँ के चरण कौन स्पर्श करता है?
उत्तर:
भारत माँ के चरण हिंद महासागर स्पर्श करता है।

प्रश्न 3.
त्रिवेणी शब्द से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
त्रिवेणी - अर्थात तीन नदियों का समूह भारत में तीन नदियों गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में होता है। यहाँ तीनों नदियाँ एक होकर बहने लगती हैं।

प्रश्न 4.
'जगमग छटा निराली' शब्दों का क्या अर्थ है ?
उत्तर:
जगमग छटा निराली' का अर्थ है कि भारत की धरती बहुत सुंदर दिखाई देती है। यहाँ चारों ओर नदियाँ, हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता फैली हुई है।

प्रश्न 5.
झरनों का कैसा स्वर सुनाई देता है?
उत्तर:
झरनों का कल-कल का स्वर सुनाई देता है, जो सबका मन मोह लेता है।

प्रश्न 6.
कोयल किस ऋतु में और कहाँ कूकती है ?
उत्तर:
कोयल वसंत ऋतु में और आमों के बगीचों में मधुर गीत गाती है।

प्रश्न 7.
शीतल एवं सुगंधित हवाएँ कहाँ से आती हैं।
उत्तर:
शीतल और सुगंधित हवाएँ मलयगिरि पर्वतों से चंदन की सुगंध लिए बहती है। ये भारत के दक्षिण-पूर्व दिशा में स्थित हैं।

प्रश्न 8.
भारत देश कैसा देश है?
उत्तर:
भारत देश कर्म प्रधान देश है।

CBSEClassWorksheets

प्रश्न 9.
भारत की धरती पर किस-किस महापुरुष ने जन्म लिया? कविता के आधार पर बताइए ।
उत्तर:
भारत की धरती पर मर्यादा पुरुषोत्तम राम, कृष्ण और महात्मा बुद्ध ने जन्म लिया ।

प्रश्न 10.
गीता में कृष्ण ने क्या संदेश दिया?
उत्तर:
गीता में कृष्ण ने कर्म का संदेश दिया कि हमें निस्वार्थ भाव से कर्म करना चाहिए।

प्रश्न 11.
गौतम बुद्ध ने संसार को क्या मार्ग दिखाया ?
उत्तर:
गौतम बुद्ध ने संसार को दया, प्रेम एवं अहिंसा का मार्ग दिखाया।

प्रश्न 12. हिमालय को 'पुण्य भूमि' क्यों कहा गया है? अपने शब्दों में उत्तर दें।

उत्तर:

हिमालय को 'पुण्य भूमि' इसलिए कहा गया है क्योंकि यह पवित्र नदियों का स्रोत है |

प्रश्न 13. कविता में 'मातृभूमि' को कैसे वर्णित किया गया है?

उत्तर:

कविता में 'मातृभूमि' को पवित्र, पुण्य, और कर्मभूमि के रूप में वर्णित किया गया है |

प्रश्न 14. 'गौतम ने जन्म लेकर, जग को दिशा दिखाई' इस पंक्ति का क्या महत्व है? संक्षेप में समझाएँ।

उत्तर:

इस पंक्ति का महत्व है कि गौतम बुद्ध ने अपने जन्म से संसार को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया और अपनी शिक्षाओं से समाज में शांति और ज्ञान का प्रसार किया।

प्रश्न 15. कविता में उल्लिखित पवित्र नदियों के नाम लिखें और उनके महत्व पर संक्षेप में प्रकाश डालें।

उत्तर:

गंगा, यमुना, और सरस्वती नदियाँ कविता में उल्लिखित हैं। ये नदियाँ भारतीय संस्कृति और धर्म में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं और इन्हें पवित्र माना जाता है।

प्रश्न 16. कविता में कवि ने किस प्रकार से प्राकृतिक सुंदरता का वर्णन किया है?

उत्तर:

कवि ने हिमालय, झरने, अमराइयाँ, और कोयल की पुकार का वर्णन करके प्राकृतिक सुंदरता को उजागर किया है।

प्रश्न 17. कविता में कवि ने किन दो महाकाव्यों के किन-किन पात्रों का उल्लेख किया है?

उत्तर:

CBSEClassWorksheets

कवि ने रामायण के नायक श्रीराम और सीता तथा महाभारत के नायक भगवान श्रीकृष्ण का वर्णन किया है।

प्रश्न 18. कविता में कवि ने किस फल के वृक्ष का वर्णन किया है?
उत्तर :
कविता में कवि ने आम के वृक्ष का वर्णन किया है और बताया है कि भारत में अनेक आम के वृक्ष हैं जहाँ कोयल गुंजार करती हैं।

प्रश्न 19.
मलय पवन क्या करती है?
उत्तर :
मलय पवन देशवासियों के तन-मन को अपनी सुगंधित वायु के माध्यम से सँवारती है।

प्रश्न 20.
भारत देश में किन-किनका जन्म हुआ है?
उत्तर :
भारत देश में रघुपति और माता सीता का जन्म हुआ है। इसलिए यह पवित्र भूमि है।

प्रश्न 21.
भारत देश में गीता का पाठ किसने पढ़ाया है?
उत्तर :
भारत देश में गीता का पाठ श्री कृष्ण ने पढ़ाया है। साथ ही श्री कृष्ण ने अपनी मधुर वंशी से लोगों को प्रसन्न किया ।

प्रश्न 22.
भारत देश का सुयश किसने बढ़ाया है?
उत्तर :
गौतम बुद्ध ने भारत की भूमि पर जन्म लेकर सुयश बढ़ाया है।

प्रश्न 22.
'जगमग छटा निराली', पग-पग पर छहर रही है'- पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
'जगमग छटा' निराली, पग-पग पर 'छहर रही है' से कवि का आशय है कि भारत के इलाहाबाद में गंगा, यमुना एवं सरस्वती बह रही हैं। इन तीनों नदियों के 'संगम' पर इनकी लहरें चारों ओर अपनी सुंदरता बिखेर देती हैं और नदियों का जल धरती को सींचता हुआ आगे बढ़ता है जिससे धरती हरी-भरी हो जाती है और फसलो रूपी सोना बिखेरती है। यह सौंदर्य सबको अपनी ओर आकर्षित करता है।

प्रश्न 23.
भारत को पुण्यभूमि और स्वर्णभूमि क्यों कहा गया है ?
उत्तर:
भारत ऋषि मुनियों का देश है, जिन्होंने आजीवन पवित्र जीवन का संदेश भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को दिया है। उन्होंने सत्य, अहिंसा, मानवता, भाईचारे और दया आदि का संदेश चारों ओर फैलाया । इसीलिए भारत भूमि को पुण्यभूमि कहा है। भारत नदियों का देश है और यहाँ की मिट्टी बहुत उपजाऊ है। इस कारण यहाँ भरपूर फ़सल होती है अर्थात यहाँ की मिट्टी सोना उगलती है। यही कारण है कि इसे स्वर्णभूमि कहा जाता है।

प्रश्न 24.
कवि का परिचय दीजिए ?

‘मातृभूमि’ कविता को सोहनलाल द्विवेदी जी द्वारा लिखा गया है। उनका जन्म आज से लगभग सवा सौ साल पहले हुआ था। उस समय अंग्रेज़ों का भारत पर आधिपत्य था । उन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से अंग्रेज़ों का विरोध किया। साथ ही उन्होंने भारत का गौरवगान किया। उनकी रचनाएँ – ‘बढ़े चलो, बढ़े चलो’, ‘कोशिश करने वालों की हार नहीं होती’ इत्यादि हैं।

## सही/गलत बताइए (True/False)

(i) नीचे चरण तले झुक हिमालय आकाश को चूमता है।

(ii) गंगा, यमुना और सरस्वती नदियाँ हिमालय से निकलती हैं।

(iii) कविता में झरने पहाड़ों से नहीं झरते।

(iv) गौतम बुद्ध का जन्म हिमालय की घाटियों में हुआ।

(v) कविता में कोयल घनी अमराइयों में पुकारती है।

**Answer**

(i) गलत
(ii) सही
(iii) गलत
(iv) सही
(v) सही

## बहुविकल्पीय प्रश्न

1. हिमालय किसे चूमता है?
   (a) आकाश
   (b) धरती
   (c) सागर
   (d) पर्वत

Answer

(a) आकाश

2. कौन सी नदियाँ हिमालय से निकलती हैं?
   (a) सरस्वती
   (b) गंगा
   (c) यमुना
   (d) उपरोक्त सभी

CBSEClassWorksheets

3. कविता में किसकी छटा हनराली है?
   (a) सूरज की
   (b) चाँद की
   (c) हिमालय की
   (d) नदियों की

Answer

(d) नदियों की

4. किसने वंशी पुनीत गीता सुनाई?
   (a) रघुपति
   (b) श्रीकृष्ण
   (c) गौतम बुद्ध
   (d) सीता

Answer

(b) श्रीकृष्ण

5. कोयल कहाँ पुकारती है?
   (a) अमराइयों में
   (b) पर्वतों में
   (c) नदियों में
   (d) जंगलों में

Answer

(a) अमराइयों में

# रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

(i) हिमालय _____ को चूमता है।

(ii) गंगा, यमुना और _____ नदियाँ हिमालय से निकलती हैं।
(iii) झरने ____ में झरते हैं।
(iv) कोयल ____ में पुकारती है।
(v) श्रीकृष्ण ने ____ गीता सुनाई।

**Answer**

(i) आकाश
(ii) सरस्वती
(iii) पहाड़ों
(iv) अमराइयों
(v) वंशी पुनीत

CBSEClassWorksheets